पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 14816 दिनांक : 31/08/2026

प्राचार्य / सचिव
समस्त संबद्ध राजकीय / निजी महाविद्यालय
जिला–सीकर एवं झुन्झुनू।

**विषयः–** नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन करवाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम तथा स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं नियमों के अनुसार अनिवार्य रूप से दिनांक 03.09.2026 तक आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि में प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन नहीं करवाया जाता है अथवा प्रायोगिक परीक्षाएं लंबित रहती हैं, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

बार–बार सूचित एवं निर्देशित करवाने के पश्चात् भी आज दिनांक तक अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न नहीं हो पाई है। अतः अंतिम अवसर मानते हुए उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर **सेमिनार / प्रोजेक्ट / डेजर्टेशन / इन्टर्नशिप के अंक** (मार्क्स) भी दिनांक 03.09.2026 तक अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक– 31/08/2026

क्रमांकः 14817–820
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. संबंधित फर्म।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक